स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 19.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

एकीकृत आजीविका मिशन शिविर का आयोजन सम्पन्न
अगला शिविर 22 फरवरी 2018 को

भिलाईनगर/ आज दिनांक 19 फरवरी 2018 को एकीकृत आजीविका अभियान के तहत नगर पालिक निगम भिलाई के जोन कार्यालय क्रमांक 01 में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया शिविर में दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन प्रबंधक, संबंधित सामुदायिक संगठिकांए, सामुदायिक स्त्रोत व्यक्ति, कौशल प्रशिक्षण प्रदाता, देना आर सेटी, आई.सी.आई.सी.आई. लाईवलीहुड कॉलेज उपस्थित रहें।

कौशल प्रशिक्षण संस्थाओं में रस्तोगी कॉलेज, अंश एज्युकेशन, बी.डी.एस. कॉलेज, अब्लेज इंस्टीट्यूट, शासकीय आई.टी.आई. भिलाई, हिमांशु इन्फोटेक, एम.जे कॉलेज, पी.जी. कॉलेज, ऑफ नर्सिंग, मानव कौशल केन्द्र, शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग, दिनेश कोचिंग, एस.आर. हास्पिटल एवं लक्ष्य फॉउन्डेशन मौजूद रहें।

एकीकृत आजीविका मिशन के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं से शिक्षित युवा बेरोजगारों को लाभांवित करने के उद्देश्य से शिविर लगाकर उनका चिन्हाकंन किया जाना है शिविर में आने वाले इच्छुक हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें समूचित जानकारी देते हुए प्रशिक्षण अथवा स्वरोजगार कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा।

उक्त शिविर में कुल 369 कौशल प्रशिक्षण हेतु पंजीयन स्वरोजगार ऋण हेतु 18 एवं स्व सहायता समूह हेतु 03 प्रस्ताव प्राप्त हुए अगला शिविर का आयोजन 22 फरवरी 2018 को जोन 02 जोन कार्यालय वैशाली नगर पानी टंकी भिलाई में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम का निरीक्षण आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई श्री के.एल. चौहान एवं सहायक संचालक जिला कौशल विकास अभिकरण श्री मुखोपाध्याय द्वारा किया गया एवं मार्गदर्शन दिया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी